# PTET

## 2013 सॉल्ड पेपर

## PDF डाउनलोड

- विषयवार ई- बुक यहाँ से देखे
- Youtube पर ऑनलाइन क्लासे देखे
- लेटेस्ट पोस्ट (GK क्विज)
- 1000 प्रश्न ई-बुक Download
- राजस्थान GK ई- बुक डाउनलोड
- Computer E- book Download
- Rajasthan Gk Questions
- India Gk Questions
- One Liner Gk Questions

लाइव क्लासेज
सभी प्रश्नोत्तरी PDF
Click Here डाउनलोड

राजस्थान GK नोट्स
महत्वपूर्ण- महत्वपूर्ण नोट्स
सम्पूर्ण PDF
Click Here डाउनलोड

सामान्य विज्ञान
वस्तुनिष्ठ प्रश्न
Click Here

# PTET-2013 (Pre B.Ed.) - हल प्रश्न पत्र

[स्मृति पर आधारित]

## भाग - अ : मानसिक योग्यता


**1. श्रृंखला में अगला अक्षर क्या आयेगा?**
**ABCDPQRSABCDEPQRSTABCDEFPQRST**
(1) A (2) V
(3) W (4) U **(4)**

**2. यदि 5134876 को बढ़ते क्रम में लिखा जाये तो कितने ऐसी संख्याओं के जोड़े होंगे जिनका स्थान वही रहेगा?**
(1) 1 (2) 2
(3) 3 (4) 4 **(1)**

**3. प्रत्येक शब्द में प्रत्येक अक्षर का केवल एक बार प्रयोग करते हुए अक्षरों 'EWF' से अंग्रेजी के कितने अर्थपूर्ण शब्द बनाए जा सकते हैं?**
(1) कोई नहीं (2) एक
(3) दो (4) तीन **(2)**

**4. निम्नलिखित चार में से तीन किसी प्रकार समान है, अतः उनका समूह एक बनता है। वह एक कौनसा है, जो इस समूह में नहीं आता है?**
(1) तना (2) पेड़
(3) जड़ (4) शाखा **(2)**

**5. प्रश्न चिह्न ( ? ) के स्थान पर कौनसी संख्या आएगी?**




(1) 33 (2) 145
(3) 135 (4) 18 **(3)**

**6. एक निश्चित कोड के तहत् JUMP को 39%4 तथा MEALS को %2*7@ लिखा जाता है तो PULSE कोड होगा?**
(1) 2@493 (2) 2@*745
(3) 497@2 (4) 444@2 **(3)**

**7. यदि शब्द GAMBLE में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला के अगले अक्षर से तथा प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला के पिछले अक्षर से प्रतिस्थापित किया जाये तो नये बने शब्द के दाहिनी ओर से चौथा अक्षर क्या होगा?**
(1) K (2) L
(3) H (4) कोई नहीं **(2)**

**8. सेट a=23(529)(1024) तथा b=21(441)(144) हो, तो इसी के आधार पर सेट c में लुप्त संख्या क्या होगी?**
(1) 1441 (2) 3529
(3) 9361 (4) 8281 **(4)**
यदि सेट 6 = 19(36)(?)

**निर्देश (9-11) निम्नलिखित दिये गये प्रत्येक प्रश्न में चार कथन और उसके बाद चार निष्कर्ष I, II, III और IV दिये गये हैं। आपको दिये गये चारों कथनों को सत्य मानना है। भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्ष को पढ़िए और फिर तय कीजिए कि दिये गये निष्कर्षों में से कौनसा दिये गये कथनों का तर्कसंगत रूप से अनुसरण करता है, चाहे सर्वज्ञात तथ्य कुछ भी हों। तब निश्चित कीजिए कि दिये गये उत्तरों में (1), (2), (3) और (4) में से कौनसा सही उत्तर है।**

**9. कथनः**
कुछ पिनें सुईयाँ हैं।
कुछ धागे सुईयाँ हैं।
सभी सुईयाँ कीलें हैं।
सभी कीलें हथौड़े हैं।
**निष्कर्षः**
I. कुछ पिनें हथौड़े है।
II. कुछ धागे कीलें हैं।
III. कुछ पिनें धागे हैं।
IV. कोई पिन धागा नहीं है।
(1) केवल I, II और या तो III या IV अनुसरण करते हैं।
(2) केवल III और IV अनुसरण करते हैं।
(3) केवल I और II अनुसरण करते हैं।
(4) सभी अनुसरण करते हैं।
**(1)**

**10. कथनः**
कुछ कुर्सियाँ कमरे हैं।
कोई कमरा सोफा नहीं है।
सभी सोफें टेबल हैं।
कुछ टेबल डेस्क हैं।
**निष्कर्षः**
I. कुछ सोफें डेस्क हैं।
II. कोई कमरा टेबल नहीं हैं।
III. कुछ कुर्सियाँ टेबल है।
IV. कोई डेस्क कमरा नहीं हैं।
(1) कोई अनुसरण नहीं करता है।
(2) केवल I अनुसरण करता है।
(3) कवेल या तो II या III अनुसरण करता है।
(4) केवल III और IV अनुसरण करते हैं। **(1)**

**11. कथनः**
कुछ रिंग चेन हैं।
सभी चेन चूड़ियाँ हैं।
सभी ब्रेसलेट चूड़ियाँ हैं।
कुछ चूड़ियाँ पेंडेंट हैं।
**निष्कर्षः**
I. कुछ रिंग चूड़ियाँ हैं।
II. कुछ चेन पेंडेंट हैं।
III. कुछ ब्रेसलेट रिंग हैं।
IV. कोई पेंडेंट रिंग नहीं हैं।
(1) कोई अनुसरण नहीं करता है।
(2) केवल I अनुसरण करता है।
(3) केवल II या III अनुसरण करते हैं।
(4) केवल IV अनुसरण करता है। **(2)**

**12. दी गई श्रृंखला में ऐसे कितने संकेत हैं जिनमें से प्रत्येक के तुरंत पहले एक अक्षर है, लेकिन तुरंत बाद कोई अंक नहीं है?**
E&GBDM4NK*2AC$SD3F1JQ5PR
(1) कोई नहीं (2) 1
(3) 2 (4) 3 **(3)**

**13. निम्न अंक श्रृंखला में ऐसे कितने दो हैं जिनके ठीक पहले कोई विषम संख्या है, लेकिन ठीक बाद कोई सम संख्या नहीं है-**
5242752545269217223
(1) 1 (2) 2
(3) 3 (4) 4 **(2)**

**14. निम्न श्रृंखला में ऐसे कितने आठ हैं जिनके ठीक पूर्व में या तो स्वर (Vowel) या सम संख्या है तथा बाद में विषम संख्या है?**
**MO873AHM85SA898ASUXZD**
(1) 1 (2) 2
(3) 3 (4) 4 **(2)**

**15. निम्नलिखित श्रृंखला में ऐसे कितने '0' हैं जिनमें तुरन्त पहले '1' और तुरन्त बाद भी '1' है?**
**1010110100110010101001101110**
(1) 4 (2) 5
(3) 6 (4) 7 **(3)**

**निर्देश (16-20) इन प्रश्नों के उत्तर देने के लिये निम्न जानकारी का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिएः-**
A, B, C, D, E, F, G और H केन्द्र की ओर मुँह किये एक वृत्त के गिर्द बैठे हैं। F, C के दायें तीसरा और H के बायें दूसरा है। D, C या H का निकटतम पड़ौसी नहीं है। E, A के तुरन्त दायें हैं, जो G के दायें दूसरा है।

**16. G और D के बीच कौन बैठा है?**
(1) H (2) D
(3) F (4) E **(3)**

**17. H के संदर्भ में B का सही स्थान निम्नलिखित में से कौनसा है?**
**1. दायें दूसरा** **2. दायें चौथा**
**3. बायें चौथा** **4. बायें दूसरा**
(1) केवल 1 (2) केवल 2
(3) केवल 3 (4) 2 और 3 दोनों **(4)**

**18. C के बायें दूसरा कौन है?**
(1) A (2) B
(3) E (4) D **(1)**

**19. व्यक्तियों के किस जोड़े में पहला व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के दायें बैठा है?**
(1) CB (2) AE
(3) FG (4) DB **(4)**

**20. C के तुरंत दायें कौन है?**
(1) E (2) B
(3) D (4) B या D **(2)**



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज


21. ऑर्निथोलॉजिस्ट: बर्ड:: एन्थ्रोपोलॉजिस्ट:?
(1) एनीमल (2) मैनकाइन्ड
(3) एनवायर्नमेण्ट (4) प्लाण्ट **(2)**

22. सफेद कबूतर: शान्ति :: सफेद झण्डा :?
(1) जीत (2) आत्म–समर्पण
(3) युद्ध (4) मित्रता **(2)**

23. नीचे दी गई अंक श्रृंखला में कौनसा अंक गायब है?
**0.5, 0.55, 0.65, 0.8, ?**
(1) 0.9 (2) 0.82
(3) 1 (4) 0.95 **(3)**

24. नीचे दी गई अंक श्रृंखला में कौन-सा अंक लुप्त है?
**5760, 960, ?, 48, 16, 8**
(1) 120 (2) 160
(3) 192 (4) 240 **(3)**

25. ताजमहल, आगरा और उत्तरप्रदेश को प्रदर्शित करती हुई उपयुक्त आकृति कौनसी है?



**(2)**

26. निम्नलिखित चार में से तीन एक निश्चित प्रकार से एक समान हैं, अतः उनका एक समूह बनता है। वह एक कौनसा है जो इस समूह में शामिल नहीं होता है?
(1) 31 (2) 39
(3) 47 (4) 41 **(2)**


27. 5, 72, (–), 72, 1.5, 72
(1) कोई नहीं (2) 4
(3) 3 (4) 72 **(3)**

28. शब्द 'ENGLISH' में अक्षरों के ऐसे कितने जोड़े हैं जिनमें से प्रत्येक में उसके दो अक्षरों के बीच उतने ही अक्षर हैं जितने कि उनके बीच अंग्रेजी वर्णमाला में हैं?
(1) कोई नहीं (2) एक
(3) दो (4) तीन से अधिक **(4)**


29. अक्षरों 'ADER' से प्रत्येक शब्द में प्रत्येक अक्षर का केवल एक बार प्रयोग करते हुए, अंग्रेजी के कितने अर्थपूर्ण शब्द बनाये जा सकते हैं?
(1) कोई नहीं (2) एक
(3) दो (4) तीन **(4)**

**निर्देश (30-32)-** यदि सही क्रम चालू रहे तो नीचे दी गई पाँच उत्तर आकृतियों में से कौनसी आकृति ऊपर दी गई पाँच प्रश्न आकृतियों के पश्चात् आएगी?

30. प्रश्न आकृतियाँ




उत्तर आकृतियाँ




(1) (2) (3) (4) (5) **(5)**

31. प्रश्न आकृतियाँ



उत्तर आकृतियाँ
(1)



(1) (2) (3) (4) (5) **(5)**

32. यदि '+' का अर्थ '÷', '÷' का अर्थ '–', '–' का अर्थ '×' और '×' का अर्थ '+' हो तो [8+4 ÷ 3 ×5 – 9] का 10% क्या होगा?
(1) 4 (2) 5
(3) 4.4 (4) 4.2 (3)

33. abc_bc_abbcc_caaa_cc
(1) cabb (2) caba
(3) bcab (4) इनमें से कोई नहीं **(1)**

34. अरूण ने एक बिन्दु A से चलना शुरू किया और 10 किमी. पूर्व में B बिन्दु तक गया, फिर वह उत्तर की ओर घूमा और 3 किमी. चलकर बिन्दु C पर पहुँचा, फिर वह पश्चिम की ओर मुड़ा और 12 किमी. बिन्दु D तक चला, फिर वह दक्षिण की ओर मुड़ा और बिन्दु E तक 3 किमी. चला। वह आरम्भिक बिन्दु से किस दिशा में है?
(1) पूर्व (2) दक्षिण
(3) पश्चिम (4) उत्तर **(3)**

**निर्देश-** रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए-

35. b_wv_bc__v__wvv
(1) bvwvbo (2) cvwvbc
(3) cvcvdc (4) cvwbvc **(2)**

36. ab_aa_ba_ba
(1) bbab (2) abba
(3) baba (4) bbaa **(1)**

37. एक लड़के ने घड़ी देखते समय छोटी सुई को बड़ी सुई एवं बडी सूई को छोटी सूई समझ लिया और बताया कि समय 6 बजकर ढ़ाई मिनट हुआ है। सही समय क्या है-
(1) 2.30 (2) 3.30
(3) 12.30 (4) 11.20 **(3)**

38. चार सहेलियाँ ताश का खेल खेल रही थीं। सीता मीना के दाएँ बैठी थी और उमा गौरी के बाएँ बैठी थी। निम्नलिखित जोड़ों में से कौन एक दूसरे के साथी थे?
(1) मीना और गौरी (2) उमा और सीता
(3) मीना और सीता (4) उमा और मीना **(4)**

39. यदि 24 फरवरी, 1995 को शुक्रवार था तो उस 3 मार्च, 1995 को क्या दिन होगा?
(1) शुक्रवार (2) गुरूवार
(3) बुधवार (4) मंगलवार **(1)**

40. यदि 2005 में स्वतंत्रता दिवस सोमवार का मनाया गया। वर्ष 2006 में यह किस दिन मनाया गया?
(1) सोमवार (2) मंगलवार
(3) बुधवार (4) गुरुवार **(2)**

41. राहुल को पता चला कि वह लड़कों की एक लाइन में दाहिनी ओर से 12वाँ है और बाईं ओर से चौथा। लाइन में कितन लड़के शामिल किये जाये कि 28 लड़के हो जायें?
(1) 12 (2) 14
(3) 20 (4) 13 **(4)**

42. मैं दक्षिण की ओर 3 किमी. चलता हूँ और फिर दायीं ओर मुड़कर 5 किमी. चलता हूँ। इसके बाद दायीं ओर मुड़कर 7 किमी. चलता हूँ। अंत में मैं किस दिशा में चलता हूँ?
(1) दक्षिण (2) पूर्व
(3) उत्तर (4) पश्चिम **(3)**

**निर्देश-** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में एक शब्द जब किसी कूट भाषा में लिखा जाए तो उसका रूप उसके आगे तीर से दर्शाया गया है। बताइए जब अगला शब्द उसी कूट भाषा में लिखा जाए तो उसका रुप क्या होगा?

43. **SIMPLE → RHLOKD; CID →**
(1) BHC (2) DJE
(3) AHC (4) BHE **(1)**

44. **JACK → LCEM; MIG →**
(1) NJH (2) OKI
(3) KJF (4) PKI **(2)**

45. **MONKEY → 168549; MONKY →**
(1) 48195 (2) 86154
(3) 16849 (4) 16859 **(3)**


46. यदि TWENTY, THIRTY तथा FIFTY के कोड क्रमशः 255527, 289927 तथा 69627 है तो SIXTY का कोड होगा?
(1) 12345 (2) 34567
(3) 19627 (4) 21367 **(3)**

47. R, S, T, U एवं V पाँच विद्यार्थी है। R विज्ञान, गणित एवं हिन्दी पढ़ता है तथा T और U विज्ञान, गणित और भूगोल पढ़ते हैं। S इतिहास, हिन्दी एवं भूगोल पढ़ता है तथा V इतिहास, गणित एवं भूगोल पढ़ता है। वह कौनसा विद्यार्थी है जो हिन्दी पढ़ता है किन्तु विज्ञान नहीं पढ़ता है?
(1) R (2) S
(3) T (4) U **(2)**

48. यदि 2=4, 3=9, 4=16 तो 8=?
(1) 32 (2) 64
(3) 16 (4) 56 **(2)**

49. यदि PASSPORT की कूट भाषा RCUUPQTV है तो BOOKLET की कूट भाषा क्या होगी?
(1) CPPLMFU (2) CQQMNFV
(3) DQQMNGV (4) DRRNMGW **(3)**

50. नीचे दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं-



(1) 12 (2) 13
(3) 17 (4) 15 **(3)**


सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

## भाग-ब : शिक्षण अभिवृत्ति एवं अभिरूचि

**51. निम्नलिखित में से कौनसा प्रश्न अच्छा प्रश्न नहीं है?**
(1) ब्लैक बोर्ड का क्या आकार है
(2) क्या ब्लैक बोर्ड आयताकार है
(3) क्या आप ब्लैक बोर्ड पर आयत बना सकते हैं
(4) ब्लैक बोर्ड के आकार के विषय में आप क्या कह सकते हैं **(3)**

**52. शिक्षकों का मूल्यांकन किसके द्वारा होना चाहिए?**
(1) निरीक्षण अधिकारियों द्वारा
(2) उनके समवर्ती और उच्च अधिकारियों द्वारा
(3) समाज के द्वारा
(4) उनके शिक्षार्थियों द्वारा **(4)**

**53. आप किस स्तर की योग्यता के विद्यार्थियों को पढ़ाना पसंद करेंगे?**
(1) औसत योग्यता से अधिक
(2) औसत योग्यता के
(3) औसत योग्यता से कम
(4) मिश्रित योग्यता के **(4)**

**54. अच्छा अध्यापन किसका परिणाम है?**
(1) अध्यापन ट्रेनिंग
(2) अनुभव
(3) विषय वस्तु पर अधिकार और अच्छा सम्प्रेषण
(4) बच्चों से मित्रतापूर्वक व्यवहार **(3)**

**55. विद्यार्थियों को गृह कार्य देने का क्या महत्त्व है?**
(1) इसके द्वारा विद्यार्थियों में स्वयं अध्ययन की आदत पड़ती है।
(2) यह स्कूल के कार्य की पूर्ति करता है।
(3) यह खाली समय के सदुपयोग का अवसर प्रदान करता है।
(4) यह विद्यार्थियों में जिम्मेदारी का अहसास पैदा करता है। **(1)**

**56. विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य किस प्रकार पैदा किए जा सकते हैं?**
(1) सुबह की प्रार्थना द्वारा
(2) नैतिक मूल्यों पर व्याख्यान देकर
(3) पाठ्यक्रम के साथ संबंधित करके
(4) महान् व्यक्तियों की जीवन गाथा बताकर **(3)**

**57. राष्ट्र का विकास किस पर निर्भर करता है?**
(1) मानवीय साधनों पर (2) वन साधनों पर
(3) खनिज पदार्थ साधनों पर
(4) भौतिक साधनों पर **(1)**

**58. यदि आपका परीक्षा परिणाम अच्छा नहीं है तो आप क्या करेंगे?**
(1) विद्यार्थियों को दोषी बतायेंगे
(2) स्वयं को दोषी समझेंगे
(3) परवाह नहीं करेंगे
(4) कारण जानने का प्रयत्न करेंगे **(4)**

**59. अच्छे पाठ्यक्रम में क्या गुण होने चाहिए?**
(1) बाल केन्द्रित (2) अध्यापक केन्द्रित
(3) समाज केन्द्रित (4) राष्ट्र केन्द्रित **(1)**

**60. विद्यार्थियों को किस प्रकार का गृहकार्य देना चाहिए?**
(1) औसत योग्यता के स्तर को विद्यार्थियों के अनुसार
(2) उनकी योग्यता के अनुसार
(3) होशियार विद्यार्थियों के स्तर के अनुसार
(4) कमजोर विद्यार्थियों के स्तर के अनुसार
**(1)**

**61. भाषा किसका माध्यम है?**
(1) विचारों के स्तर का
(2) सहज अभिव्यक्ति का
(3) अच्छे परस्पर संबंधों का
(4) सामाजिक आदान–प्रदान का **(2)**

**62. कौनसी सबसे प्रभावशाली शिक्षा सहायक सामग्री है?**
(1) कार्यशील मॉडल (2) चार्ट
(3) प्रोजेक्टिड (4) सीधा अनुभव **(3)**

**63. भूल सुधार पद्धति को किस प्रकार बढ़ावा दिया जा सकता है?**
(1) खेल विधि से
(2) स्वतंत्र रूप से अध्ययन द्वारा
(3) श्रव्य–दृश्य सामग्री द्वारा
(4) नाटकीय तरीके से
**(4)**

**64. आप अध्यापक/अध्यापिका क्यों बनना चाहते हैं?**
(1) माता–पिता अध्यापक/अध्यापिका हैं
(2) दूसरी ओर कोई नौकरी नहीं मिल सकती
(3) विद्यार्थियों को पढ़ाने में रूचि है
(4) परिवार में अध्यापक/अध्यापिका है **(3)**

**65. व्यवहार में असामान्यता का क्या कारण है?**
(1) बार–बार के असंतोष
(2) महत्वाकांक्षा की अपूर्णता
(3) अधिकारी वर्ग से टकराव
(4) मनोशारीरिक विकृतियाँ **(4)**

**66. वर्तमान शिक्षा प्रणाली में किस प्रकार के सुधार की आवश्यकता है?**
(1) पाठ्यक्रम में संशोधन की
(2) मूल्यांकन प्रणाली में परिवर्तन की
(3) शिक्षा का व्यावसायीकरण की
(4) शिक्षा में कम्प्यूटर के प्रयोग की **(1)**

**67. अध्यापकों के किन गुणों से छात्र अधिक प्रभावित होते हैं-**
(1) जो उनके साथ खेलते हैं
(2) जो गृहकार्य नहीं देते
(3) जो कभी दंड नहीं देते
(4) जो अच्छा पढ़ाते है **(4)**

**68. आधुनिक युग में अध्यापन का आशय क्या है-**
(1) विद्यार्थियों का बहुर्मुखी विकास करना
(2) वेतन प्राप्त करना
(3) ज्ञान प्राप्त करने की कार्य कुशलताएँ पैदा करना
(4) शिक्षार्थी की शारीरिक एवं बौद्धिक विशेषताओं को उजागर करना **(4)**

**69. यदि आपको ताजमहल के विषय में पढ़ाना है तो कौनसा तरीका आपके विचार में सबसे उचित होगा-**
(1) यदि संभव हो तो आगरा ले जाकर ताजमहल दिखाकर
(2) ताजमहल का चित्र बनाकर
(3) जबानी ताजमहल के बारे में बताकर
(4) ताजमहल का मॉडल दिखाकर **(1)**

**70. अध्यापक पैदा होते हैं, बनाये नहीं जाते। ऐसा क्यों कहा जाता है-**
(1) अध्यापक ढूंढे से भी मुश्किल से मिलते हैं।
(2) प्रत्येक व्यक्ति अध्यापक नहीं हो सकता।
(3) यह अध्यापक की स्वाभाविक विशेषता है।
(4) विद्वान होना प्रत्येक के लिए चाय का प्याला नहीं। **(4)**

**71. मानचित्र पढ़ने की कला समझाने में बच्चों को सबसे पहले किस बात का बोध कराना चाहिए-**
(1) मानचित्र पर दिशाओं का
(2) भूमध्य रेखा पर
(3) पैमाने का (4) रंगों के अर्थ का **(1)**

**72. पढ़ाते समय अध्यापक को बीच में प्रश्न क्यों पूछने चाहिए-**
(1) विद्यार्थी प्रश्नों के उत्तर देना पसंद करते हैं
(2) अनुशासन कायम रखने के लिए
(3) प्रधानाचार्य को प्रसन्न करने के लिए
(4) छात्रों को अभिव्यक्ति का अवसर मिलता है
**(4)**

**73. जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए क्या आवश्यक है-**
(1) आत्म संतोष होना
(2) अधिकारी का पुत्र या पुत्री होना
(3) परिस्थितियों से अच्छा समायोजन
(4) अधिक धन का होना **(3)**

**74. किसी देश का भाग्य उसके कक्षा भवनों में क्यों बनता है-**
(1) विद्यार्थी मैत्रीपूर्ण वातावरण में सीखने का आनंद लेते हैं।
(2) ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड के द्वारा आधुनिक सुविधाएँ प्राप्त है।
(3) प्रतिभाशाली छात्र आकर्षित होते हैं।
(4) सर्वांगीण सीखना सघन रूप से संभव होता है।
**(4)**

**75. बच्चों को लगभग कुछ भी किस प्रकार से पढ़ाया**


सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

जा सकता है-
(1) मृदुल रूपांतर से
(2) अगर अध्यापक उनकी मदद करें
(3) लगातार मूल्यांकन से (4) समुचित पुरस्कार द्वारा **(2)**

**76. समय चक्र के वितरण का क्या आधार होना चाहिए-**
(1) कोई आधार नहीं
(2) विद्यालय की सुविधानुसार
(3) छात्रों की रूचि के अनुसार
(4) विषयों की कठिनाई के आधार पर **(4)**

**77. सीखने के लिए प्रोत्साहन किस प्रकार से पैदा होता है-**
(1) सहपाठियों से प्रेरणा प्राप्त करने से
(2) बचपन की प्रारंभिक प्रक्रियाओं से
(3) विद्यालय में सीखने की प्रक्रिया से
(4) अध्यापक एवं छात्र के बीच अच्छे संबंधों से
**(3)**

**78. अध्यापन एक प्रतिष्ठित व्यवसाय क्यों है-**
(1) यह भ्रष्टाचार और अपवादों से युक्त है।
(2) जागरूकता के सृजन एवं संवर्धन के अवसर मिलते हैं।
(3) सामाजिक सुधार के लिए आवश्यक है।
(4) अपना कार्य ईमानदारी से करने का अवसर मिलता है। **(2)**

**79. शिक्षकों के अच्छे परिणामों को न दे सकने के क्या कारण है-**
(1) सीखने की प्रोत्साहन भरी अवस्थाओं का अभाव
(2) शिक्षा प्रणाली
(3) निम्न सामाजिक आर्थिक स्तर के विद्यार्थी
(4) विस्तृत पाठ्यक्रम और दोषपूर्ण पुस्तकें **(2)**

**80. मनोवृत्तियाँ क्या है-**
(1) कार्य करने की शैलियाँ
(2) भावनात्मक प्रवृत्तियाँ
(3) सोचने के तरीके
(4) व्यवहार की वृत्तियाँ
**(3)**

**81. सीखना व अध्यापन दोनों परीक्षाओं से किस प्रकार दूषित हो जाते हैं-**
(1) जो पढ़ाया जाता है वहीं परीक्षण किया जाता है।
(2) अध्यापक केवल परीक्षा पास कराने के लिए पढ़ाते हैं।
(3) विषय का पूर्ण अधिकार प्राप्त करने पर बल नहीं होता।
(4) परीक्षाओं पर ही व्यवसायों में दाखिल होना निर्भर करता है। **(4)**

**82. यदि पढ़ाते समय एक छात्र प्रायः पीछे बैठकर चित्र बनाता है तो आप क्या करेंगे-**
(1) उसकी कला प्रतिभा को उचित दिशा देंगे
(2) उसे समझायेंगे
(3) प्रधानाचार्य से शिकायत करेंगे
(4) उसके अभिभावकों से शिकायत करेंगे **(1)**

**83. अच्छे अध्यापक के लिए क्या आवश्यक है-**
(1) अपने साथियों में लोकप्रिय
(2) अच्छे अन्वेषक
(3) शिक्षक के प्रति प्रतिबद्ध
(4) अपनी संस्थाओं के पूर्णभक्त **(3)**

**84. मान लीजिए आपकी कक्षा के छात्र बहुत शरारती है, वे अपने शिक्षकों के लिए अनेक अशोभनीय बातें कक्षा के श्यामपट्ट पर लिख देते हैं, ऐसी स्थिति में आप किस प्रकार निपटेंगे-**
(1) आप कक्षा नायक को अपने विश्वास में लेंगे तथा ऐसे शरारती छात्रों की पहचान करेंगे।
(2) आप अपने अवकाशकाल में कक्षा की निगरानी करेंगे तथा आकस्मिक निरीक्षण द्वारा ऐसे शरारती छात्रों की पहचान करेंगे।
(3) आप सम्पूर्ण कक्षा पर आर्थिक दंड लागू करेंगे।
(4) आप सम्पूर्ण कक्षा के प्रति कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए प्रधानाचार्य को संस्तुति भेज देंगे।
**(2)**

**85. प्रायः ऐसा देखने में आता है कि कुछ छात्र कक्षा के बहुमत द्वारा पसंद नहीं किए जाते हैं, इसके लिए निम्नलिखित कारण हो सकते हैं-**
(1) प्रायः वे छात्र मंदबुद्धि के शिकार होते हैं।
(2) प्रायः वे छात्र शारीरिक विकलांगता के शिकार होते हैं।
(3) प्रायः वे छात्र पृथक् जातीय समुदाय के होते हैं।
(4) प्रायः इन छात्रों का सामाजिक–आर्थिक स्तर निम्न श्रेणी का होता है। **(1)**

**86. प्रायः विद्यालयों में पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों का आयोजन किया जाता है। इसका कारण यह है कि-**
(1) छात्र सामाजिक भूमिकाओं को अभिनीत करना सीख सके।
(2) छात्र सामाजिक परिपक्वता को प्राप्त कर सके।
(3) छात्र सामाजिक पुनर्निर्माण में योगदान दे सके।
(4) छात्रों में सामाजिक नेतृत्व की भावना का विकास हो सके। **(1)**

**87. सामाजिक परिपक्वता नेता की एक अनिवार्य योग्यता होनी चाहिए-**
(1) असहमत (2) कम सहमत
(3) पूर्ण सहमत (4) सम्भवतः **(3)**

**88. छात्रों द्वारा संतुलित भोजन की धारणा को व्यावहारिक रूप में अपनाने के लिए आप क्या उपाय करेंगे?**
(1) छात्रों को संतुलित भोजन के सम्प्रत्यय का बोध करायेंगे
(2) छात्रों से निबन्ध लेखन, चार्ट प्रतियोगिता आदि का आयोजन करायेंगे।
(3) छात्रों से संतुलित भोजन हेतु मीनू तैयार करायेंगे।
(4) छात्रों में संतुलित भोजन ग्रहण करने की आदतों का विकास करेंगे। **(3)**

**89. शिक्षक के द्वारा छात्रों में मूल्यों की स्थापना सम्भव है, क्योंकि-**
(1) शिक्षक में छात्रों को प्रेरित करने की शक्ति होती है।
(2) छात्र शिक्षक को अपना आदर्श भूमिका निर्वाह करने वाला व्यक्ति मानते हैं।
(3) छात्र शिक्षक से भयभीत रहते हैं।
(4) छात्र शिक्षक के इशारे पर नाचते हैं। **(1)**

**90. 'शिक्षक दिवस' मनाने का प्रमुख प्रयोजन होता है-**
(1) उत्सव मनाना तथा छात्रों से तोहफे लेना।
(2) डॉ. राधाकृष्णन् के जीवन दर्शन एवं दार्शनिक विचारों से प्रेरणा लेना।
(3) छात्रों को डॉ. राधाकृष्णन् के जीवन के बारे में बताना।
(4) अवकाश मनाना। **(2)**


**91. आपके विद्यालय में किसी वर्ग विशेष के बालक पढ़ते हैं जो कि पिछड़े हुए हैं। उनके उत्थान के लिए आप क्या करेंगे?**
(1) विशेष दृष्टिकोण व दया का रूख अपनायेंगे।
(2) उनकी आर्थिक सहायता करेंगे
(3) बालकों की सहायता करेंगे ताकि वे सरकारी प्रावधानों में दी जाने वाली छात्रवृत्ति प्राप्त कर सकें (4) अपने काम से काम रखेंगे
**(3)**

**92. आप अपने आपको निपुण शिक्षक मानते हैं। आपके सहकर्मी से आपको अपेक्षा होगी-**
(1) वे आपकी निपुणता की प्रशंसा करें।
(2) छात्रों के लिए शिक्षण उपयोगी सामग्री की जानकारी आपको दें।
(3) आपके शिक्षण में सहयोग दें।
(4) शिक्षण सामग्री में निहित कठिन भाग के संबंध में आपको जानकारी उपलब्ध करवायें। **(2)**

**93. एक बालक की शैक्षिक उपलब्धि लगातार कम होती जा रही थी, क्योंकि-**
(1) उसके पूर्व के उत्तम शैक्षिक परिणामों की प्रशंसा नहीं की जाती थी।
(2) उसके पिता परिणाम–पत्र पर केवल हस्ताक्षर करके अपने कर्त्तव्य की इतिश्री समझते थे।
(3) उसकी माता अपनी किट्टी पार्टियों में अत्यधिक व्यस्त रहती थी।
(4) बालक में उपलब्धि अभिप्रेरणा का अभाव था।
**(1)**

**94. माता-पिता का ध्यान आकर्षण करने के लिए बालक उद्दण्डता करने लगा, क्योंकि-**
(1) वह अपने माता–पिता का लाडला था।
(2) घर में वह अकेला बालक था।
(3) उसके माता–पिता दोनों ही अत्यधिक व्यस्त रहते थे।
(4) वह ऐसे व्यवहार प्रदर्शन से अवांछनीय लाभ उठाने का आदी है। **(3)**

**95. माता-पिता की उपेक्षा का बालक के मन पर गहरा आघात लगता है, क्योंकि-**
(1) बाल हृदय कोमल होता है।
(2) बालक भावुक प्रकृति के होते हैं।
(3) बालक अपरिपक्व होते हैं।



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

(4) बालक स्नेह की अपेक्षा करते हैं। (4)

**96. विद्यालय के छात्रों को भ्रमण पर ले जाने का विचार है। आपकी इस सम्बन्ध में क्या राय है?**
(1) आपका अमूल्य समय बर्बाद हो जायेगा।
(2) आपका छात्रों के साथ खूब मनोरंजन होगा तथा दैनिक कार्यक्रम से मुक्ति मिलेगी।
(3) आपको भी छात्रों के साथ–साथ कुछ नवीन जानकारियाँ प्राप्त होंगी।
(4) आप में भी नेतृत्व गुणों का विकास हो जायेगा। (2)

**97. विद्यालयों में सामूहिक शिक्षण की व्यवस्था की जाती है, क्योंकि-**
(1) विद्यालय में अध्यापकों की कमी है
(2) सामूहिक शिक्षण में छात्रों को अधिक ज्ञा प्राप्त होता है
(3) विद्यार्थियों की संख्या कक्षा में कम होती है
(4) इससे अध्यापकों को आराम मिल जाता है
(1)

**98. मान लीजिए आपको धूम्रपान की लत है। पाठशाल में आप क्या सावधानी रखना पसंद करोगे?**

## भाग-स : सामान्य हिन्दी

(1) आप छात्रों से सिगरेट मँगायेंगे, किन्तु उनके समक्ष पियेंगे नहीं।
(2) आप स्टाफ रूम में बैठकर धूम्रपान करेंगे।
(3) आप अन्य साथियों के विरोध करने पर स्टाफ रूम के सबसे कोने की कुर्सी पर बैठकर धूम्रपान करेंगे।
(4) आप विद्यालय वातावरण का सम्मान करते हुए जहाँ तक सम्भव हो पाएगा, सिगरेट नहीं पीएंगे।
(4)

**99. कक्षा में सम्प्रेषण करने का लक्ष्य है-**
(1) अधिगम (2) अन्तःक्रिया
(3) विचारों के आदान–प्रदान
(4) उपर्युक्त सभी (1)

**100. शैक्षिक प्रौद्योगिकी के उपयोग के फलस्वरूप अध्यापक का कक्षा-कार्य-**
(1) सरल हो गया है। (2) कठिन हो गया है।
(3) बढ़ गया है। (4) वैज्ञानिक हो गया है।
(4)

**101. बाह्य प्रयत्न के आधार पर व्यंजन के कितने भेद हैं?**
(1) दो–अल्पप्राण–महाप्राण (2) दो–लघु–दीर्घ
(3) दो–घोष–अघोष (4) दो–विवृत–स्पृष्ट (1)

**102. किस क्रम में गुण संधि नहीं है?**
(1) हितेच्छा (2) प्रेषिति
(3) मानवेतर (4) मूर्ध्व (4)

**103. किस क्रम में 'भद्र' का तद्भव रूप है?**
(1) भला (2) भददा
(3) बद (4) भदा (1)

**104. 'राम बाजार से चार किलो आटा लाया' में कौनसा विशेषण है?**
(1) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण
(2) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण
(3) सार्वनामिक विशेषण (4) गुणवाचक विशेषण
(1)

**105. किस शब्द-युग्म में सही अर्थ भेद नहीं है?**
(1) गोत्र–गौत्रा–वंश और पृथ्वी
(2) जरा–ज़रा–थोड़ा और बुढ़ापा
(3) तप–ताप–तपस्या और गर्मी
(4) द्रव–द्रव्य–तरल पदार्थ और धन (2)

**106. किस क्रम में 'ऋत' का विलोम है-**
(1) अनृत (2) पूर्ववर्ती
(3) परवर्ती (4) प्राच्य (1)

**107. 'अनुज' का सही विलोम है-**
(1) भ्राता (2) ज्येष्ठ
(3) कनिष्ठ (4) अग्रज (4)

**108. किस क्रमांक में विशेषण का भेद नहीं है?**
(1) गुणवाचक विशेषण
(2) परिमाणवाचक विशेषण
(3) संख्यावाचक विशेषण
(4) क्रियावाचक विशेषण (4)

**109. किस क्रमांक का वाक्य शुद्ध है?**
(1) तुम, सीता और मैं खेलेंगे।
(2) मैं, सीता और तुम खेलेंगे।
(3) मैं भी मेरी पुस्तक ले आया हूँ।
(4) वहाँ भारी भरकम भीड़ जमा थी। (1)

**110. 'गंगा गए गंगा दास, जमुना गए जमनादास' का सटीक अर्थ है-**
(1) अच्छा तीर्थयात्री (2) यशस्वी व्यक्ति
(3) अवसरवादी व्यक्ति (4) यह सभी (3)

**111. 'गोविन्द ने राम को जगाया' में कौनसी क्रिया है?**
(1) प्रेरणार्थक क्रिया (2) रूढ क्रिया
(3) अनेकार्थक क्रिया (4) सहायक क्रिया (1)

**112. किस क्रम में भाववाचक कृत् प्रत्यय है?**
(1) लिखाई (2) पियक्कड़
(3) लुटेरा (4) चालाक (1)

**113. मुहावरा शब्द किस भाषा का है।**
(1) हिन्दी (2) संस्कृत
(3) अरबी (4) फारसी (3)

**114. कौनसा क्रम उचित प्रतीत होता है?**
(1) परम् + तु = परन्तु
(2) वाङ् + मय = वाङ्मय
(3) भाट् + मुख = भाटमुख
(4) सद् + वेग = सदवेग (1)

**115. किस क्रम में उष्म व्यंजन नहीं है?**
(1) श (2) स
(3) य (4) ष (3)

**116. 'सबसे अलग स्थिति' किस लोकोक्ति का अर्थ है?**
(1) ढाक के तीन पात (2) तीन लोक से मथुरा न्यारी
(3) तू डाल–डाल, मैं पात–पात
(4) इनमें से कोई नहीं (2)

**117. किस क्रमांक का वाक्य शुद्ध है?**
(1) जल्दी मत करो, धैर्यता से काम लो।
(2) दूसरों का परोपकार करना अच्छा है।
(3) हम सभी कालचक्र के पहिये के नीचे पिस रहे हैं।
(4) प्रमाण सहित उत्तर दीजिए। (4)

**118. किस क्रम में उपसर्ग का सही प्रयोग नहीं हुआ?**
(1) निलंबन–नि (2) निराकरण–निर्
(3) दुर्योधन–दु (4) अपहरण–अप (3)

**119. 'नूतन' शब्द का विपरीतार्थक शब्द है-**
(1) रूढ़ (2) पुरातन
(3) अनूतन (4) नवीन (2)

**120. कौनसा क्रमांक उचित नहीं है?**
(1) बलि–बलिदान, बली–शक्तिशाली
(2) सुर–देवता, शूर–वीर
(3) वसन–बर्तन, व्यसन–मद्यपान
(4) शोक–दुख, शौक–चाव (3)

**121. समश्रुत शब्द -पृथा-प्रथा' का किस क्रम में सटीक अर्थ है?**
(1) कुंती–रीति (2) अलग–रिवाज
(3) नाम–ढाल (4) अलग–विलग (1)

**122. किस क्रम में घोष वर्ण नहीं है?**
(1) द् (2) ग्
(3) ट् (4) ब् (3)

**123. 'अभि' उपसर्ग किस अर्थ में प्रयुक्त होता है?**
(1) अपवाद, विपरीत (2) सामने, पास, विशेष
(3) नीचा बुरा, हीन (4) पीछे समान (2)

**124. किस क्रमांक में कृत् प्रत्यय का भेद नहीं है?**
(1) भाव वाचक कृत प्रत्यय
(2) संबंध वाचक कृत प्रत्यय
(3) क्रिया वाचक कृत प्रत्यय
(4) कर्म वाचक कृत प्रत्यय (2)

**125. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द शुद्ध है?**
(1) कृतज्ञ (2) कृतग्य
(3) क्रितग्य (4) प्रतिग्या (1)

**126. किस क्रम में उचित संधि-विच्छेद नहीं है?**


सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

(1) सम् + विधान (2) धनम् + जय
(3) सम् + निधि (4) दिक् + नाथ (3)

127. 'चकल्लस' शब्द किस रूप में है?
(1) तत्सम (2) तद्भव
(3) देशज् (4) विदेशी (3)

128. किस क्रमांक का शब्द 'हाथी' का पर्यायवाची नहीं है?
(1) कुंजर (2) गज
(3) नाहर (4) हस्ती (3)

129. किस क्रम में 'आयुष्मान' का पर्यायवाची नहीं है?
(1) चिरंजीव (2) दीर्घजीवी
(3) पुत्र (4) शतायु (3)

130. (" ") कोष्टक में निर्धारित चिन्ह् किसको इंगित करता है?
(1) योजक चिन्ह् (2) उद्धकरण चिन्ह्
(3) निर्देशक चिन्ह (4) लाघव चिन्ह् (2)

131. किस क्रम में 'जीती मक्खी निगलना' का सही अर्थ है-
(1) अन्याय करना
(2) बीमारी को बढ़ावा देना
(3) जान–बूझकर अन्याय।
(4) गंदनी को आमंत्रण देना। (3)

132. किस क्रम में निश्चयवाचक सर्वनाम का सही उदाहरण है?
(1) अरे नालायक! तू इधर क्या कर रहा है?
(2) इस पुस्तक को देखो, यह कितनी उपयोगी है?
(3) कोई कुछ भी कहे, हमें क्या?
(4) आपका शुभ नाम क्या है? (2)

133. 'हम किसी का कुछ नहीं बिगाड़ सकते' वाक्य के लिए सर्वनाम का सही क्रमांक बताइए-
(1) निश्चयवाचक सर्वनाम
(2) अनिश्चयवाचक सर्वनाम
(3) निजवाचक सर्वनाम
(4) पुरूषवाचक सर्वनाम (2)

134. किस क्रम में सही पर्यायवाची नहीं है?
(1) अलंकार = आभूषण, भूषण, गहना
(2) आंसू = नयन, तारिका, नीर
(3) इष्ट = वांछनीय, अभिप्रेत, अभिष्ट
(4) आडम्बर = ढोंग, ठकोसला, पाखंड (2)

135. 'घंटी बजी है, कोई आया' पंक्ति में कौनसा सर्वनाम है?
(1) निजवाचक (2) अनिश्चयवाचक
(3) पुरूषवाचक (4) निश्चयवाचक (2)

136. 'चरणकमल' समास पद के लिए समास विग्रह का सही क्रमांक होगा-
(1) चरण जो कमल (2) चरण और कमल
(3) चरण पर कमल (4) चरण में कमल (1)

137. किस क्रम में अधिकरण कारक का उदाहरण नहीं है?
(1) छत पर खेलो।
(2) पिताजी कार्यालय में है।
(3) आलमारी में कपड़े रखे हैं।
(4) यह सुधीर का पैन है। (4)

138. अपादान कारक का उदाहरण नहीं है-
(1) सुरेश से मोहन छोटा है।
(2) मैं आज से पढ़ाई करूँगा।
(3) गंगा हिमालय से निकलती है।
(4) राजा ने मंत्री से कहा। (4)

139. किस क्रमांक में समास का विग्रह सही नहीं है?
(1) भयाकुल – भय से आकुल
(2) रसोई घर – रसोई के लिए घर
(3) घनश्याम – घन और श्याम
(4) महापुरूष – महान है जो पुरूष (3)

140. 'चिड़ीमार' में कौनसा समास है?
(1) कर्म तत्पुरूष (2) अपादान तत्पुरूष
(3) करण तत्पुरूष (4) संबंध तत्पुरूष (1)

141. किस क्रम में तद्‌भव शब्द नहीं है?
(1) केला (2) छीन
(3) घटिका (4) घिन (3)

142. किस क्रमांक में सभी शुद्ध हैं?
(1) जीव्हा, इतिहासिक (2) चातुर्यता, उपरोक्त
(3) जिह्वा, अत्युक्ति (4) जागृत, वैधव्यता (3)

143. 'समाज' शब्द में 'इक' प्रत्यय लगाने पर कौन-सा' शब्द बनेगा?
(1) सामाजिक (2) सामाजीक
(3) समजिक (4) समाजिक (1)

144. किस क्रम में कर्मचाक कृत् प्रत्यय नहीं है?
(1) खिलौना (2) ओढ़ना
(3) चलनी (4) खुरचन (4)

145. 'जो हमेशा से चला आ रहा हो' के लिए प्रयुक्त एकल शब्द है।
(1) पुरातन (2) सनातन
(3) प्राचीनतम (4) अधुनातन (2)

146. किस वाक्य में सकर्मक क्रिया नहीं है?
(1) बच्चे फिल्म देख रहे हैं।
(2) रजत दूध पी रहा है।
(3) मनीषा ने कार खरीदी।
(4) मोर नाचता है। (4)

147. किस क्रमांक में 'बद' उपसर्ग नहीं है?
(1) बदकिस्मत (2) बदनाम
(3) बदहज़मी (4) बदस्तूर (4)

148. 'गुर्राहट' में कौनसा प्रत्यय है?
(1) क्रियाबोधक कृत प्रत्यय
(2) कर्तृवाचक तद्धित प्रत्यय
(3) भाववाचक कृत प्रत्यय
(4) करणवाचक तद्धित् प्रत्यय (3)

149. किस क्रमांक में विशेषण युक्त् कृत प्रत्यय नहीं है?
(1) पठनीय (2) चिंतित
(3) विशेषज्ञ (4) समझौता (4)

150. किस क्रमांक में सही संधि विच्छेद नहीं हुआ है?
(1) किम् + वा = किंवा
(2) अभि + सेक = अभिषेक
(3) सम + आयण = रामायण
(4) सम् + तोष = संतोष (3)

## भाग-द : सामान्य ज्ञान

151. मानव शरीर में रक्त का थक्का किस विटामिन से बनता है?
(1) विटामिन K (2) विटामिन D
(3) विटामिन E (4) विटामिन C (1)

152. ट्राई-नाइट्रो ग्लिसरीन जो एक विस्फोटक द्रव होता है, को कहा जात है-
(1) नोबेल का तेल (2) क्यूरी का तेल
(3) रोशन का तेल (4) नीम्फ का तेल (1)

153. ह्यूगो शावेज वेनेजुएला के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं?
(1) पहली बार (2) चौथी बार
(3) तीसरी बार (4) दूसरी बार (2)

154. राजस्थान के उस आंतरिक दुर्ग का नाम बताइये, जिसके प्रमुख द्वारों के नाम क्रमशः 'भैरवपोल', 'नींबूपोल', 'चौगानपाल', 'पागडापोल', तथा 'गणेशपोल' है?
(1) भरतपुर का किला (2) कटारगढ़
(3) जयगढ़ (4) नाहरगढ़ (2)

155. 'मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' किसे कहा जाता है?
(1) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम
(2) राजा रमन्ना
(3) आर. के. नारायणन
(4) इनमें से कोई नहीं (1)

156. बी. आर. अम्बेडकर का संविधान सभा में निर्वाचन हुआ था-
(1) पश्चिम बंगाल से
(2) बम्बई प्रेसीडेन्सी से
(3) तत्कालीन मध्य भारत से
(4) पंजाब से (1)

157. बादल किस मण्डल में अवतरित होते हैं?
(1) आयन मण्डल में (2) क्षोभ मण्डल में



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

(3) ओजोन मण्डल में (4) समताप मण्डल में (2)

**158. मारवाड़ के शासक अजीत सिंह किस देवी के उपासक थे?**

(1) हिंगलाज (2) करणी माता

(3) ज्वाला माता (4) सती माता **(1)**

**159. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में भारतीय नागरिकों के मूल कर्त्तव्य शामिल हैं?**

(1) अनुच्छेद 50 क (2) अनुच्छेद 50 ख

(3) अनुच्छेद 51 क (4) अनुच्छेद 51 ख **(3)**

**160. बाड़मेर प्रिंट किस नाम से जाना जाता है?**

(1) बादला (2) अजरक

(3) फड़ (4) पिछवाई **(2)**

**161. शुष्क वन संस्थान (आफरी) कहाँ स्थित हैं?**

(1) नागौर (2) बीकानेर

(3) जैसलमेर (4) जोधपुर **(4)**

**162. मेजा बाँध कहाँ है?**

(1) भीलवाड़ा (2) बाँसवाड़ा

(3) अजमेर (4) उदयपुर **(1)**

**163. उदयपुर के महाराणा राजसिंह के द्वारा निर्मित राजसमुद्र तालाब के निर्माण में किस अंक की प्रधानता है?**

(1) 8 (2) 9

(3) 12 (4) 3 **(2)**

**164. प्रसिद्ध बेणेश्वर धाम कहाँ स्थित है?**

(1) नवाटापुर गाँव (2) देसूरी गाँव

(3) भूमगढ़ गाँव (4) इनमें से कोई नहीं

**(1)**

**165. सिरोही क्षेत्र की पहाड़ियों को स्थानीय भाषा में क्या कहा जाता है?**

(1) भाकर (2) भोराट

(3) गिरवा (4) सांगलिया **(1)**

**166. अरावली पर्वतमाला दक्षिण-पश्चिम में राजस्थान के किस जिले में प्रारम्भ होकर उत्तर-पूर्व जाती है?**

(1) जालौर (2) उदयपुर

(3) प्रतापगढ (4) सिरोही **(4)**

**167. बनास नदी पर कौनसा बाँध है?**

(1) रामगढ़ बाँध (2) मेजा बाँध

(3) बीसलपुर बाँध (4) जवाई बाँध **(3)**

**168. निम्नलिखित में से किस याचिका का शाब्दिक अर्थ होता है- 'हम आदेश देते हैं'?**

(1) बंदी प्रत्यक्षीकरण (Habeas Corpus)

(2) परमादेश (Mandamus)

(3) अधिकार पृच्छा (Quo-Warranto)

(4) उत्प्रेषण (Certiorari) **(2)**

**169. किस राज्य का लोकसभा एवं राज्यसभा में प्रतिनिधित्व सबसे अधिक है?**

(1) उत्तर प्रदेश (2) मध्य प्रदेश

(3) महाराष्ट्र (4) आन्ध्र प्रदेश **(1)**

**170. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की कुल 3 करोड़ श्रम शक्ति (labour force) में कितने बेरोजगार व्यक्ति आंके गये हैं?**

(1) 30 लाख (2) 33 लाख

(3) 38 लाख (4) 20 लाख **(2)**

**171. टका कहाँ की मुद्रा है?**

(1) इंग्लैंड (2) नीदरलैण्ड

(3) बांग्लादेश (4) नेपाल **(3)**

**172. वह युक्ति जिसके द्वारा आँकड़ों को टेलीफोन के माध्यम से बाइनरी सिग्नलों की सहायता से भेजा जाता है, कहलाता है-**

(1) मोडेम (2) एनालॉग

(3) मॉनीटर (4) ओ.सी.आर **(1)**

**173. संविधान और विधि के परिरक्षण, संरक्षण और प्रतिरक्षण की शपथ कौन लेता है?**

(1) राष्ट्रपति (2) उप-राष्ट्रपति

(3) राज्यपाल (4) लोकसभाध्यक्ष **(1)**

**174. सी. रंगराजन विशेषज्ञ दल की रिपोर्ट, 2014 के अनुसार वर्ष 2011-12 में राजस्थान की कुल जनसंख्या में लगभग कितने व्यक्ति निर्धन आंके गये?**

(1) 1.51 करोड़ (2) 2.35 करोड़

(3) 90 लाख (4) 1.12 करोड़ **(1)**

**175. वनस्थली विद्यापीठ (डीम्ड विश्वविद्यालय) किस जिले में है?**

(1) जयपुर (2) अजमेर

(3) टोंक (4) सवाई माधोपुर **(3)**

**176. राजस्थान की जलवायु के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा/कौनसे कथन सत्य हैं? नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

(i) राजस्थान की जलवायु दशाएँ तापमान एवं वर्षा की अतिशयता प्रकट करती है।

(ii) गत दस वर्षों में पश्चिमी मरुप्रदेश में वर्षा की मात्रा घटी है, जबकि मेवाड़ क्षेत्र में बढ़ी है।

(iii) पश्चिमी राजस्थान में न्यून वर्षा का मूल कारण अति उष्ण स्थलखण्ड पर दक्षिण-पूर्वी आर्द्रतावाही पवनों का आकस्मिक प्रवेश है।

(iv) जलवायु की दृष्टि से राजस्थान का अधिकतर भाग उपोष्ण कटिबन्ध में स्थित है।

**कूटः**

(1) (i), (ii) और (iv) (2) (ii) और (iv)

(3) (i) और (ii) (4) (i), (ii) और (iii) **(1)**

**177. चूरू में 'तालछापर' क्यों प्रसिद्ध हैं?**

(1) विशाल एनीकट के कारण

(2) काले हिरण का अभयारण्य

(3) ताल महादेव मंदिर के कारण

(4) हथकरघा उद्योग के कारण **(2)**

**178. ग्रेट इण्डियन बस्टर्ड किसे कहते हैं?**

(1) कुरजां (2) साइबेरियन सारस

(3) गोडावण (4) चिंकारा **(3)**

**179. भारतीय डाक विभाग ने किस लोकदेवता की फड़ पर डाक टिकट जारी किया है?**

(1) पाबूजी (2) देवनारायण जी

(3) रामदेवजी (4) तेजाजी **(2)**

**180. गोगाजी का प्रमुख मेला गोगामेड़ी (हनुमानगढ़) में भरता है, जबकि दूसरा मेला कहाँ भरता है?**

(1) नेवटपुर (डूँगरपुर)

(2) गोगाजी का ओल्डी (साँचौर)

(3) राश्मी गाँव (चित्तौड़गढ़)

(4) कोलूमण्ड (जोधपुर) **(2)**

**181. धारी संस्कार राजस्थान की किस जनजाति में प्रचलित हैं?**

(1) गरासिया (2) मीणा

(3) सहरिया (4) भील **(3)**

**182. देवलिया (प्रतापगढ़ स्थित) के किस शासक ने खानवा के युद्ध में महाराणा सांगा का साथ दिया?**

(1) बाघसिंह (2) सालिमसिंह

(3) भानूसिंह (4) पृथ्वीसिंह **(1)**

**183. भारत का सबसे बड़ा घंटाघर 'निहाल टावर',' किस जिले में स्थित है?**

(1) जोधपुर (2) जयपुर

(3) धौलपुर (4) चित्तौड़गढ़ **(3)**

**184. बगरू प्रिन्ट में किन रंगों की प्रधानता होती है?**

(1) गुलाबी (2) काला व लाल

(3) हरा (4) नीला व सफेद **(2)**

**185. थॉयराइड ग्रंथि से स्त्रावित हार्मोन नहीं है-**

(1) $T_4$ (ट्रेटाआयोडोथायोनिन) या थायरोक्सिन

(2) $T_3$ (ट्राइआयोडोथायोनिन)

(3) थायरोकेल्सिटोनिन

(4) हाइपोफायसेक्टोमिन **(4)**

**186. किस बंदरगाह का अतिरिक्त भार कम करने क लिए न्हावाशोवा बंदरगाह का निर्माण किया गया हैं?**

(1) कोलकाता (2) विशाखापत्तनम

(3) चैन्नई (4) मुम्बई **(4)**

**187. औद्योगिक क्रांति सर्वप्रथम किस देश में हुई?**

(1) फ्रांस (2) जर्मनी

(3) इंग्लैंड (4) अमरीका **(3)**

**188. जंतुओं में पाये जाने वाला एक क्षोभक रस जिससे लैक्टोस से ग्लूकोज बनता है-**

(1) रोडेंट (2) कैक्टस

(3) लैक्टेज (4) पित्त रस **(3)**

**189. सांची क्यों विख्यात है?**

(1) चट्टान काटकर बनाए गए मंदिर

(2) सबसे बड़ा बौद्ध स्तूप

(3) गुहा चित्रकारी

(4) अशोक के शिलालेख **(2)**



सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

190. क्षेत्रफल के अवरोही क्रम में विश्व के महासागरों/सागरों का निम्न में से सही अनुक्रम कौनसा है?
(1) हिन्द – आर्कटिक – दक्षिण चीन – अटलांटिक
(2) अटलांटिक – हिन्द – आर्कटिक – दक्षिण चीन
(3) आर्कटिक – अटलांटिक – दक्षिण चीन – हिन्द
(4) अटलांटिक – दक्षिण चीन – आर्कटिक – हिन्द
**(2)**

191. भारत की जनसंख्या बहुप्रजातीय है, यहाँ की सबसे प्राचीन जनजाति किसे माना जाता है?
(1) नीग्रेटो (2) प्रोटो ऑस्ट्रेलायड
(3) मंगोलायड (4) हिन्दारीय **(1)**

192. 'सारे जहाँ से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा' के रचनाकार हैं-
(1) रवीन्द्र नाथ टैगोर (2) मो. इकबाल
(3) रहमत अली (4) भगत सिंह **(2)**

193. अस्थियों का निर्माण, नवीनीकरण एवं मरम्मत को इस नाम से जाना जाता है-
(1) ओस्टियोफिकेशन (2) विट्राईलेशन
(3) ओसीफिकेशन (4) ओसीलेशन **(3)**

194. इसका निर्णय कौन करता है कि कोई विधेयक वित्त विधेयक है अथवा नहीं?
(1) लोकसभा के स्पीकर (2) राज्यसभा के सभापति
(3) राष्ट्रपति (4) विधि मंत्री **(1)**

195. 'आगरा' के किले को छोड़कर किसी भी किले का परकोटा इतना बड़ा नहीं है, जितना कि कोटा गढ़ का है।' यह कथन किसने कहा है-
(1) कर्नल जेम्स टॉड (2) अबुल फजल
(3) लॉर्ड बैंटिंक (4) मुहणौत नैणसी **(1)**

196. गारो जनजाति किस राज्य की है?
(1) राजस्थान (2) मध्यप्रदेश
(3) अरूणाचल प्रदेश (4) मेघालय **(4)**

197. किस गवर्नर के कार्यकाल के दौरान कलकत्ता में विक्टोरिया मेमोरियल हॉल का निर्माण हुआ था?
(1) एल्गिन (2) कर्जन
(3) मिण्टो (4) हार्डिंग **(4)**

198. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

| सूची-I (पर्वत शिखर) | सूची-II (महाद्वीप) |
|---|---|
| (1) किलिमंजारो | (1) दक्षिण अमेरिका |
| (2) विन्सन मैसिफ | (2) ऑस्ट्रेलिया |
| (3) मॉउण्ट कोसिसको | (3) अंटार्कटिका |
| (4) एकांकागुआ | (4) अफ्रीका |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (2) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (3) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (4) | 4 | 1 | 2 | 3 |

**(2)**

199. साफिनात-उल-ओलिया का लेखक कौन है?
(1) शेख अहमद सरहिंदी (2) मोहसीन फानी
(3) दारा शिकोह (4) जहाँदार शाह **(3)**

200. ऑस्ट्रेलियन ओपन 2013 का पुरूष एकल खिताब किस खिलाड़ी ने जीता?
(1) राफेल नडाल (2) रोजर फेडरर
(3) एंडी मरे (4) नोवाक जोकोविक **(4)**

❑❑❑


सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए
राजस्थान क्लासेज

परीक्षाओं में पूछे गए प्रश्न
राजस्थान GK
PDF DOWNLOAD
महत्वपूर्ण- महत्वपूर्ण प्रश्न

भारत सामान्य ज्ञान
महत्वपूर्ण प्रश्नों की सभी पीडीएफ
फ्री डाउनलोड करें
क्लिक करके डाउनलोड करें एवं पढ़ें

राजस्थान सामान्य ज्ञान
वन लाइनर प्रश्न-उत्तर
500+ क्लिक करें एवं पढ़ें

भारत GK

◆ प्रश्नोत्तरी ◆ नोट्स

सम्पूर्ण PDF

Click Here डाउनलोड

सामान्य ज्ञान

5100+ प्रश्न

RAJASTHAN CET

सामान्य हिन्दी

Download Now